# 22 राजस्थान के प्रमुख ऐतिहासिक व्यक्तित्त्व एवं स्वतंत्रता सेनानी

1. क्रांतिकारी, जिसे महन्त प्यारेलाल हत्याकाण्ड में सजा मिली थी?
(1) जोरावरसिंह बारहठ (2) विजयसिंह पथिक
(3) केसरी सिंह बारहठ (4) सीताराम दास (3)

**व्याख्या–** केसरी सिंह व अन्य क्रांतिकारी राष्ट्रीय हित में डकैती कर धन संग्रह करते थे, इसी प्रयास के दौरान क्रांतिकारियों द्वारा जोधपुर के धनिक साधु प्यारेलाल को जोधपुर से कोटा लाया गया। साधु को दुध में जहर दिया गया, जहर का असर नहीं हुआ तब 25 जून, 1912 को हीरालाल लाहिरी ने साधु की हत्या कर दी। केसरी सिंह बारहठ, हीरालाल लाहिरी और रामकरण को साधु प्यारेलाल हत्याकाण्ड में 20–20 वर्ष की सजा दी गई।

2. इंग्लैण्ड में इंडिया हाउस की स्थापना किसने की थी?
(1) श्यामजी कृष्ण वर्मा (2) अर्जुनलाल सेठी
(3) स्वामी कुमारानंद (4) गोपालसिंह (1)

**व्याख्या–** इंडिया हाउस की स्थापना 1905 में श्याम जी कृष्ण वर्मा द्वारा की गई थी।

3. राजस्थान के लौह पुरूष माने जाते है–
(1) माणिक्यलाल वर्मा (2) जयनारायण व्यास
(3) मोहनलाल सुखाड़िया (4) दामोदरलाल व्यास (4)

**व्याख्या–** इनका जन्म 9 नवम्बर 1909 को मालपुरा टोंक कस्बे में हुआ था। यह पेशे से वकील थे, इन्होंनें अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत 1951 में की थी।

4. 'जैसलमेर राज्य का गुण्डाराज' नामक पुस्तक किसने लिखी?
(1) समर्थदान (2) सागरमल गोपा
(3) डॉ.सुधीन्द्र (4) हेमू कलानी (2)

5. महात्मा गाँधी के पाँचवें पुत्र के उपनाम से प्रसिद्ध है?
(1) भोगीलाल पाण्ड्या (2) हरिभाऊ उपाध्याय
(3) जमनालाल बजाज (4) गोविन्द गिरि (3)

**व्याख्या–** 'गाँधीजी के पाँचवे पुत्र' के रूप में विख्यात जमनालाल बजाज का जन्म 4 नवम्बर,1889 को काशी का बास (सीकर) में हुआ।

6. राजस्थान के किस क्रांतिकारी को तिलहर जेल में रखा गया था?
(1) अर्जुनलाल सेठी (2) गोपाल सिंह खरवा
(3) केसरी सिंह बारहठ (4) सागरमल गोपा (2)

**व्याख्या–** गोपालसिंह खरवा को 1918 से मार्च, 1920 तक 2 वर्ष तक का कारावास दिया गया। इन्हें तिलहर जेल में नजरबंद रखा गया। 1920 में जेल से छुटने के बाद इन्होंने समाज सेवा व पीड़ितों की सेवा का कार्य किया।

7. 'मेवाड़ का गाँधी' उपनाम से किसे जाना जाता है?
(1) मोतीलाल तेजावत (2) गोकुल भाई भट्ट
(3) माणिक्यलाल वर्मा (4) घनश्याम दास बिड़ला (3)

8. प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी जयनारायण व्यास का जन्म कब हुआ?
(1) 15 मार्च, 1896 (2) 18 फरवरी, 1899
(3) 21 मार्च, 1880 (4) 18 जनवरी, 1890 (2)

**व्याख्या–** प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी जयनारायण व्यास का जन्म 18 फरवरी, 1899 ई. को जोधपुर में हुआ था।

9. 'भारत का एकमात्र ठाकुर केसरी सिंह बारहठ ही ऐसा क्रान्तिकारी है, जिन्होंने भारत माता की दासता की श्रृंखलाओं को काटने के लिए अपने समस्त परिवार को स्वतंत्रता के युद्ध में झोंक दिया' यह कथन किसने कहा था?
(1) श्यामजी कृष्ण वर्मा (2) रासबिहारी बोस
(3) स्वामी विवेकानंद (4) स्वामी केशवानंद (2)

10. किस स्वतंत्रता सेनानी ने 1915 ई. में 'सर्वहितकारी वाचनालय' की स्थापना की थी?
(1) हेमु कालानी (2) सागरमल गोपा
(3) स्वामी गोपाल दास (4) चन्दमल बहड़ (2)

11. '20वीं सदी का राजस्थान' नामक पुस्तक किस प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी की है?
(1) माणिक्यलाल वर्मा (2) रामनारायण चौधरी
(3) गोकुल भाई भट्ट (4) मोतीलाल तेजावत (2)

12. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिये तथा नीचे दिये गये कूटों में से सही उत्तर का चुनाव कीजिए:

| (प्रसिद्ध सेनानी) | (जन्म स्थान) |
|---|---|
| A. मोतीलाल तेजावत | i. खरवा गाँव (अजमेर) |
| B. गोकुल भाई भट्ट | ii. हाथल गाँव (सिरोही) |
| C. माणिक्यलाल वर्मा | iii. बिजौलिया (भीलवाड़ा) |
| D. गोपाल सिंह खरवा | iv. कोल्यारी गाँव (उदयपुर) |

कूट:

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | iii | iv | ii | i |
| (2) | iv | ii | iii | i |
| (3) | iv | i | ii | iii |
| (4) | i | iii | ii | iv |

(2)

13. वह प्रसिद्ध व्यक्ति जिन्होंने 1943 ई. में चिमनलाल मलोत के साथ मिलकर बांसवाड़ा प्रजामण्डल की स्थापना की थी?
(1) भूपेन्द्र नाथ त्रिवेदी (2) दुर्गाप्रसाद चौधरी
(3) ज्वाला प्रसाद जिज्ञासु (4) जमनालाल बजाज (1)

14. निम्न में से किसे 'राजस्थान का शिक्षा संत' उपनाम से जाना जाता है?
(1) अचलेश्वर प्रसाद (2) स्वामी केशवानंद
(3) स्वामी विवेकानंद
(4) पण्डित जुगल किशोर चतुर्वेदी (2)

15. 1905 ई. में 'जैन शिक्षा प्रचारक समिति' की स्थापना किसने की थी?
(1) सेठ जमनालाल बजाज (2) अर्जुन लाल सेठी
(3) जोरावर सिंह बारहठ (4) मोतीलाल तेजावत (2)

**व्याख्या–** सेठी ने जैन शिक्षा प्रचारक समिति की स्थापना 1905 में जयपुर में की थी। इसी के तहत इन्होंने जयपुर में 1907 ई. में वर्धमान विद्यालय और वर्धमान पुस्तकालय की स्थापना की थी।

16. महत्त प्यारेलाल हत्याकाण्ड में केसरी सिंह बारहठ को कितने वर्ष की सजा दी गई थी?
(1) 7 वर्ष (2) 10 वर्ष
(3) 20 वर्ष (4) 12 वर्ष (3)

**व्याख्या–** केसरी सिंह व अन्य क्रान्तिकारी राष्ट्रीय हित में डकैती कर धन संग्रह करते थे। इसी प्रयास के दौरान क्रान्तिकारियों द्वारा जोधपुर के धनिक साधु प्यारेलाल को जोधपुर से कोटा लाया गया। साधु प्यारेलाल को दूध में जहर दिया गया, परंतु जहर का असर नहीं हुआ तब 25 जून, 1912 को हीरालाल लाहिरी ने साधु प्यारेलाल की हत्या कर दी। केसरी सिंह बारहठ, हीरालाल लाहरी और रामकरण को साधु प्यारेलाल हत्याकाण्ड में 20–20 वर्ष की सजा दी गई थी।

17. कोटा में 'वीर भारत सभा' की स्थापना किसके द्वारा की गई थी?
(1) प्यारेलाल गुप्ता (2) साधु सीताराम
(3) नयनूराम (4) केसरीसिंह बारहठ (4)

18. विजय सिंह पथिक का सम्बंध किस आंदोलन से था?
(1) बेगूँ आंदोलन (2) बूँदी आंदोलन
(3) अलवर आंदोलन (4) बिजौलिया आंदोलन (4)

19. प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी गोपीलाल यादव का संबंध था?
(1) भरतपुर (2) धौलपुर
(3) जयपुर (4) अलवर (1)

20. 'टाईगर मैन ऑफ इण्डिया' किसे कहा जाता है?
(1) राजेन्द्र सिंह (2) भैरोंसिंह शेखावत
(3) कैलाश सांखला (4) श्री धरण (3)

**व्याख्या–** कैलाश सांखला का जन्म 30 जनवरी, 1925 को जोधपुर में हुआ था। ये भारत के प्रसिद्ध प्रगतिवादी और संरक्षणवादी थे। इन्होंने जीवनभर भारतीय बाघों को बचाने के प्रयास किये इसलिए इन्हें 'टाईगर मैन ऑफ इंडिया' कहा जाता है।

21. निम्न में से किस व्यक्ति ने ब्यावर में 'नागरी प्रचारिणी सभा' की स्थापना की थी?
(1) विजयसिंह पथिक (2) गोपालसिंह खरवा
(3) गोविन्द गिरि (4) दामोदर दास राठी (4)

**व्याख्या–** दामोदर दास राठी ने 1912 ई. में ब्यावर में 'नागरी प्रचारिणी सभा' की स्थापना की, जिसने अदालतों में देवनागरी लिपि चलाने का कार्य किया।

22. राजस्थान के स्वतंत्रता सेनानी एवं उनके कार्य स्थल के संबंध में गलत युग्म को पहचानिए–
(1) हीरालाल शास्त्री – जयपुर रियासत
(2) जयनारायण व्यास – जोधपुर रियासत
(3) रघुवर दयाल गोयल – बीकानेर रियासत
(4) बाल मुकुंद बिस्सा – उदयपुर रियासत (4)

**व्याख्या–** बाल मुकुंद बिस्सा का कार्यस्थल जोधपुर रियासत थी।

23. जेंटलमेंट एग्रीमेंट से किसका संबंध रहा है?
(1) माणिक्यलाल वर्मा (2) गोविन्द गिरी
(3) जयनारायण व्यास (4) हीरालाल शास्त्री (4)

24. जयनारायण व्यास के बारे में कौनसा कथन गलत है–
(1) यह मारवाड़ लोक परिषद् के सक्रिय सदस्य थे।
(2) प्रथम आम चुनाव 1952 में इन्होंने दो क्षेत्रों से विधानसभा का चुनाव लड़ा लेकिन दोनों स्थानों से चुनाव हार गए।
(3) इन्हें लक्कड़ और फक्कड़ के उपनाम से जाना जाता है।
(4) इन्होंने राजस्थानी भाषा के प्रथम राजनीतिक समाचार पत्र 'आगीबाण' का 1932 में जयपुर से प्रकाशन प्रारंभ किया। (4)

**व्याख्या–** इन्होंने राजस्थानी भाषा के प्रथम राजनीतिक समाचार पत्र 'आगीबाण' का 1932 में ब्यावर (अजमेर) से प्रकाशन प्रारंभ किया।

25. शेर–ए–भरतपुर उपनाम से जाने जाते हैं?
(1) दामोदर लाल व्यास (2) सुमनेश जोशी
(3) गोकुल जी वर्मा (4) मास्टर प्यारेलाल गुप्ता (3)

**व्याख्या–** यह भरतपुर प्रजामण्डल के प्रमुख नेता थे। अपने प्रारंभिक जीवन काल में सरकारी ठेकेदारी करते थे, लेकिन बाद में राजनीति के मैदान में आ गए।

26. बलवंतसिंह मेहता का जन्म कहाँ पर हुआ था?
(1) उदयपुर (2) बाँसवाड़ा
(3) डूँगरपुर (4) भरतपुर (1)

**व्याख्या–** इनका जन्म 8 फरवरी 1900 को उदयपुर में हुआ था।

27. शेखवाटी में 'जकात आंदोलन' का नेतृत्व किसने किया?
(1) टीकाराम पालीवाल (2) नरोत्तमलाल जोशी
(3) गोकुललाल असावा (4) हरिदेव जोशी (2)

**व्याख्या–** इन्होंने 1939 ई. में शेखावाटी में जकात आंदोलन चलाया तथा जागीरदारों के शोषण के खिलाफ आवाज उठाई।

28. निम्न में से वह व्यक्ति जिन्होंने 1947 ई. में बेगार विरोधी आंदोलन में भाग लिया था?
(1) बाल मुकुंद बिस्सा (2) किसना भील
(3) मास्टर आदित्येन्द्र (4) रमेश स्वामी (4)

**व्याख्या–** इन्होंने बेगार विरोधी आंदोलन में भाग लिया जिसमें इन्हें 5 फरवरी, 1947 को भूसावर बस स्टेंड पर बस के सामने लेटकर सत्याग्रह करने पर अंग्रेजों ने बस से कुचलकर मार दिया था।

29. ''भारत माता का पुत्र उसकी मुक्ति के लिए बलिदान हो गया''। यह कथन किस क्रान्तिकारी के पिता का है?
(1) विजय सिंह पथिक (2) जोरवर सिंह बारहठ
(3) प्रताप सिंह बारहठ (4) केसरी सिह बारहठ (3)

30. सार्दुल राजस्थानी रिसर्च इंस्टिट्यूट की स्थापना किसने की थी?
(1) डॉ. दशरथ शर्मा (2) दलबीर भण्डारी
(3) डॉ. पी.के. सेठी (4) मोहनलाल सुखाड़िया (1)

**व्याख्या–** डॉ. दशरथ शर्मा ने 1945 ई. में बीकानेर में सार्दुल राजस्थानी रिसर्च इंस्टिट्यूट की स्थापना की थी।

31. विजय सिंह पथिक ने वर्धा से राजस्थान केसरी समाचार–पत्र निकाला, दूसरा समाचार–पत्र अजमेर से कौनसा निकाला गया था?
(1) नवीन राजस्थान (2) मारवाड़ गजट
(3) प्रताप (4) राजस्थान समाचार (1)

**व्याख्या–** विजयसिंह पथिक ने वर्धा से 'राजस्थान केसरी' समाचार–पत्र निकाला तथा अजमेर से 'नवीन राजस्थान' नामक समाचार पत्र प्रकाशित किया, जिसका बाद में नाम परिवर्तित कर 'तरूण राजस्थान' रखा गया।

32. सम्पूर्ण भारत में 'किसान आंदोलन का जनक' किसे कहा जाता है?
(1) साधू सीताराम दास (2) विजय सिंह पथिक
(3) रामनारायण चौधरी (4) बलवंत सिंह मेहता (2)

33. सत्याग्रह आश्रम की स्थापना किसके द्वारा की गई?
(1) महात्मा गाँधी (2) दामोदरदास राठी
(3) जमनालाल बजाज (4) बाल मुकुंद बिस्सा (3)

**व्याख्या–** जमनालाल बजाज ने 1921 ई. में वर्धा में सत्याग्रह आश्रम की स्थापना की थी।

34. 'बाणासुर के शहीद' नाम से कौनसा प्रमुख व्यक्ति जाना जाता है।
(1) मेजर शैतान सिंह (2) मेजर पीरू सिंह
(3) मेजर दलपत सिंह (4) किशन सिंह राठौड़ (1)

**व्याख्या–** बाणासुर के शहीद के नाम से प्रख्यात मेजर शैतानसिंह का जन्म 1 सितम्बर,1924 को जोधपुर जिले की फलौदी तहसील के बाणासुर गाँव में हुआ था।

35. प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी प्रतापसिंह बारहठ के बारे में निम्न कथनों पर विचार करें–
(1) अर्जुनलाल सेठी, केसरी सिंह बारहठ व राव गोपाल सिंह खरवा के गिरफ्तार होने के बाद प्रताप सिंह बारहठ ने सशस्त्र क्रान्ति की योजना बनाई।
(2) प्रताप सिंह को अंग्रेज अधिकारी सर रेगीनाल्ड क्रेडोक की हत्या करने की जिम्मेदारी सौंपी।
(3) प्रतापसिंह का साथी पिंगले मेरठ में हत्यारों सहित गिरफ्तार हो गया।
(4) प्रतापसिंह बारहठ को बनारस षड्यंत्र केस के तहत 5 साल की सजा दी गई और बरेली जेल में रखा गया।
उपर्युक्त कथनों में से असत्य कथन की पहचान करें–
(A) केवल 1 व 2 (B) केवल 2 व 3
(C) केवल 3 व 4 (D) इनमें से कोई नहीं (D)

36. निम्न में से वह व्यक्ति जिसका जन्म जोधपुर के एक पुष्करणा परिवार में हुआ, जो 'मामा' के उपनाम से प्रसिद्व थे?
(1) आनन्द राज सुराणा (2) अचलेश्वर प्रसाद शर्मा
(3) अब्दुल हमीद कैसर (4) रमेश स्वामी (2)

37. 1942 ई. में बीकानेर प्रजा परिषद् की स्थापना की गई थी?
(1) मघाराम वैद्य (2) स्वामी गोपालदास
(3) रघुवर दयाल गोयल (4) चंदनमल बहड (3)

38. राजस्थान की प्रथम विधानसभा का अध्यक्ष कौन था?
(1) हीरालाल शास्त्री (2) नरोत्तमलाल जोशी
(3) जमनालाल बजाज (4) मोहन सिंह मेहता (2)

**व्याख्या–** राजस्थान में प्रथम विधानसभा चुनाव 4 जनवरी से 24 जनवरी, 1952 के मध्य हुए। 160 सदस्यीय प्रथम विधानसभा का गठन 29 फरवरी, 1952 को हुआ। 31 मार्च, 1952 को झुंझुनू क्षेत्र से निवार्चित विधायक नरोत्तमलाल जोशी को प्रथम विधानसभा अध्यक्ष बनाया गया।

39. दा–साहब के उपनाम से जाने जाते हैं–
(1) हीरालाल शास्त्री (2) जमनालाल बजाज
(3) हरिभाऊ उपाध्याय (4) गोकुल भाई भट्ट (3)

40. ब्यावर में सनातन धर्म स्कूल तथा नवभारत विद्यालय की स्थापना किसने की?
(1) दामोदर दास राठी (2) गोपालसिंह खर्वा
(3) जयनारायण व्यास (4) जमनालाल बजाज (1)